**बिहार सरकार**

ग्रामीण विकास विभाग

**अधिसूचना**

अधिसूचना संख्या:-___________________/ पटना, दिनांक :-______________________

ग्रा०वि०-14(पटना)पटना- 01/2019

श्री चन्दन कुमार, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, पालीगंज (पटना) सम्प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी, बांका सदर (बांका) के विरूद्ध कार्य में शिथिलता/स्वेच्छाचारिता/कार्य के प्रति उदासीनता, पर्यवेक्षण के अभाव/स्वच्छ भारत मिशन/लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत IHHL इन्ट्री एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं करने, शेयर शौचालय को पारिवारिक शौचालय में परिवर्तित करने तथा जिओ टैगिंग आदि में उनके द्वारा शिथिलता बरतने के आरोपों पर जिला पदाधिकारी, पटना के पत्रांक- 1973 दिनांक- 26.12.2018, पत्रांक 475 दिनांक- 29.04.2019 एवं पत्रांक- 602 दिनांक- 13.06.2019 द्वारा दो आरोप पत्र एवं एक पत्र प्राप्त है। प्राप्त आरोप पत्रों एवं आरोपित पदाधिकारी द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत विभागीय संकल्प संख्या- 471516 दिनांक- 23.06.2021 द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। संचालन पदाधिकारी द्वारा संतोषप्रद जांच प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण संकल्प संख्या- 1604051 दिनांक-28.02.2023 द्वारा पुन: विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

विभाग द्वारा समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री कुमार के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में संदर्भित आरोप इनके विरूद्ध पूर्व में जिला पदाधिकारी, पटना से प्राप्त आरोप पत्र का हीं अंश है जिसके आलोक में इनके विरूद्ध दंड अधिरोपित किया जा चुका है।

वर्णित स्थिति में श्री चंदन कुमार, तत्कालीन ग्रामीण विकास पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, पालीगंज, पटना के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को निस्तारित करते हुए उक्त आरोप प्रकरण को संचिकास्त किया जाता है।

उक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**आदेश:- आदेश दिया जाता है कि कार्यालय आदेश की प्रति सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/-

**(मन्जु प्रसाद)**

सरकार के संयुक्त सचिव

D:\Section-014\Year-2025\Office Order-2025\Notification(2025)-11.doc

ज्ञापांकः- ______________________/ पटना, दिनांक :-______________________

ग्रा0वि0-14(पटना)पटना- 01/2019

प्रतिलिपिः- प्रभारी पदाधिकारी, ई-गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को (दो प्रतियों में, सी0डी0 सहित) बिहार गजट के अगले अंक में प्रकाशनार्थ एवं प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग), विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः- 4250636 / पटना, दिनांक :- 24/06/2025

ग्रा0वि0-14(पटना)पटना- 01/2019

**ईमेल/ निबंधित**

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, पटना एवं बांका/उप विकास आयुक्त, पटना एवं बांका/प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा- 03, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना/श्री चन्दन कुमार, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, पालीगंज (पटना) सम्प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी, बांका सदर (बांका)/आई.टी.मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग (विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्श हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.6.25

सरकार के संयुक्त सचिव

D:\Section-014\Year-2025\Office Order-2025\Notification(2025)-11.doc